

### एक नजर में

## स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत किया जागरूक

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशानुसार मुख्य नगर पालिका अधिकारी टीकमगढ़ ओमपाल भदौरिया के मार्गदर्शन में स्वच्छ सर्वेक्षण के नोडल अधिकारी दीपक विश्वकर्मा के उपस्थिति में स्वच्छता सर्वेक्षण अंतर्गत नागरिकों को जागरूक किया।**

इसके तहत स्वच्छता दल सहयोगी संस्था आस्था सांस्कृतिक एवं सामाजिक कल्याण समिति के सदस्यों के द्वारा सोर्स सेग्रीगेसन, प्लास्टिक मुक्त अभियान की गतिविधि के तहत मार्केट की प्रत्येक दुकानों में अपना डस्टबीन रखने, गीला-सुखा एवं हानिकारक कचरा अलग-अलग रखने तथा सिंगल यूज प्लास्टिक पानी की बोतल, प्लास्टिक की थाली, गिलास, चम्मच मुक्त शहर के बारे में नागरिकों को जागरूक किया। साथ ही 120 माइक्रो से कम की पॉलीथीन उपयोग नहीं करने व उसके जगह कपड़े के थैलें का उपयोग करें। मुख्य नगर पालिका अधिकारी ओमपाल भदौरिया के मार्गदर्शन में स्वच्छ सर्वेक्षण के दीपक विश्वकर्मा के उपस्थिति में स्वच्छता सर्वेक्षण अंतर्गत नागरिकों को जागरूक किया।

# गरज-चमक के साथ भारी बारिश की संभावना

**मौसम विभान ने किया अधिक वर्षा का अलर्ट**

**आगामी 5 दिनों तक बादल छाए रहने की उम्मीद**

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। आगामी 24 घण्टों के दौरान गरज-चमक के साथ भारी से बहुत भारी वर्षा होने तथा उसके बाद मध्यम से भारी वर्षा होने की संभावना मौसम विभाग ने जताई है। आगामी 24 घण्टों के दौरान गरज-चमक के साथ भारी से बहुत भारी वर्षा होने तथा उसके बाद मध्यम से भारी वर्षा होने की संभावना है। जिसमें दिन का अधिकतम तापमान 30 से 31 डिसे तथा रात का न्यूनतम तापमान 23 से 24 डिसे के बीच रहने की संभावना है। हवा की औसत गति 07 से 14 किलोमीटर प्रति घंटा रहने की संभावना हैं।**

आगामी 5 दिनों के दौरान हल्की से मध्यम वर्षा तथा आसमान में बादल छाये रहने की संभावना को देखते हुए, किसान खरीफ फसलों की तैयारी करें तथा फसलों की बुआई का कार्य बर्षा समाप्त होने पर सप्ताहंत ही करें। किसानों धान की नर्सरी की पौध की देखभाल करें तथा खरपतवार निकालें।



किसानों को सलाह दी जाती हैं, कि वह खरीफ की फसलों जिसमें सोयबीन, मक्का, उड़द, मूंग, तिल तथा मूंगफली आदि की बुवाई का कार्य कूड़-नाली विधि से करें। आगामी घण्टों के दौरान गरज-चमक के साथ भारी से बहुत भारी वर्षा होने तथा उसके बाद मध्यम से भारी वर्षा होने की संभावना को घ्यान में रखते हुए, किसान, खड़ी फसलों विशेषकर सब्जियों तथा फलदार वृक्षों में दवा का छिड़काव टाल देवें। लगातार हो रही वर्षा तथा आनेवाले 24 घण्टों के दौरान गरज-चमक के साथ भारी से बहुत भारी वर्षा होने तथा उसके बाद मध्यम से भारी वर्षा होने की संभावना को ध्यान में रखते हुए, किसान खरीफप्याज के नर्सरी की पौध की देखभाल करें तथा नर्सरी में पानी जमा ना होने दें। मिर्च तथा टमाटर की फसल में विषाणु रोग का प्रकोप देखा रहा है किसान, फसल का निरीक्षण करें तथा ग्रसित पौधों को उखाड़कर जमीन में गाड़ दें।



कद्दूवर्गीय सब्जियों में हानिकारक कीटों बीमारियों की निगरानी करते रहें तथा इनके बेलों को भूमि से ऊपर चढ़ाने की व्यवस्था करें ताकि वर्षा से सब्जियों की लताओं को गलने से बचाया जा सके।

### मकान गिरने से लाखों का नुकसान

दिगौड़ा में कच्चा मकान गिरने के दौरान वंशकार मुहल्ले में निवासरत झासी उर्फ धमकन वंशकार का परिवार सो रहा था। मकान गिरने की आवाज सुनकर परिवार के सभी सदस्य बच्चों समेत बाहर निकल गए। मकान में रखा गृहस्थी का सामान मलबे में दब गया। परिवार कुछ सामान को बाहर निकालने में सफल रहा। ट्रैक्टर पर मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करने वाले झासी को करीब एक लाख रुपए का नुकसान हुआ है। उन्होनें आर्थिक मदद की मांग की है।

## कांग्रेस ने प्रदर्शन कर सौंपा एसपी को ज्ञापन



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के खिलाफ दर्ज मामले के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बुधवार को एसपी दफ्तर में प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पुलिस महानिदेशक के नाम एसपी को ज्ञापन सौंपकर मामला वापस लेने की मांग की।**

मुंगावली थाने में जीतू पटवारी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। मामले में आरोप है कि मुडरा गांव के गजराज लोधी और रघुराज लोधी के साथ सरपंच के पुत्र विकास और उसके साथियों ने मारपीट की। उनकी मोटरसाइकिल भी छीन ली गई। कांग्रेस जिला अध्यक्ष नवीन साहू ने बताया कि पीड़ित लोधी बंधुओं को जिला कलेक्टर ने बुलाया। जिले की बदनामी रोकने के लिए उनसे डरा-धमकाकर शपथ पत्र लिया गया। नवीन साहू के अनुसार 25 जून को लोधी बंधुओं के साथ सरपंच के पुत्र और उसके साथियों ने मारपीट की थी। शिकायत पर कार्यवाही न होने पर पीडितों ने जीतू पटवारी से संपर्क किया था। कांग्रेस कार्यकर्ताओं का आरोप है कि जीतू पटवारी के खिलाफ राजनीतिक द्वेष से झूठी एफआईआर दर्ज की गई है। इस मामले को लेकर 8 जुलाई को अशोकनगर में प्रदर्शन होगा।

## ओबीसी महासभा का मांगों को लेकर प्रदर्शन

**नवभारत न्यूज खरगापुर। नगर खरगापुर में ओबीसी महासभा द्वारा राजस्व विभाग से जुड़ी मुख्य समस्याओं के निराकरण के लिए तहसीलदार गोविन्द सिंह को विभिन्न मांगों का ज्ञापन सौंपा गया। महासभा ने ज्ञापन के माध्यम से अपनी कई मांगों को लेकर सड़क पर बैठकर विरोध प्रदर्शन किया।**

ज्ञापन में बताया गया कि किसानों के लंबे समय से लंबित पड़े नामांतरण परिवर्तन की सभी फाइल्स को जल्द से जल्द पूर्ण कराया जाए। साथ ही किसानो सभी प्रकरण को अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय की ओर अग्रसर कर अग्रिम कार्यवाही की जाए। इन्हीं मांगों को लेकर ओबीसी महासभा के द्वारा किसानों के साथ खरगापुर तहसीलदार को ज्ञापन दिया गया।



खरगापुर तहसीलदार गोविन्द सिंह को ज्ञापन देने के दौरान ओबीसी महासभा ने उन्हें बताया कि अगर जल्द ही उक्त मागों का निराकरण नहीं किया गया तो ओबीसी महासभा को उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

## मानव तस्करी का मामला आया सामने

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। टीकमगढ़ में मानव तस्करी का मामला सामने आया है। बलरामपुर छत्तीसगढ की रहने वाली एक महिला ने कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई है। उसका आरोप है कि गांव के रिश्ते में लगने वाले चाचा रामजन्म शर्मा ने सुनील घोष के माध्यम से उसे डेढ़ लाख रुपए में राजेश घोष नाम के शख्स को बेच दिया।**

शिकायती आवेदन में पीड़िता ने बताया कि एक साल पहले राजेश घोष ने मंदिर में महिला से शादी की थी। राजेश दिगौड़ा थाना क्षेत्र के सेराई गांव का रहने वाला है। महिला का आरोप है कि शादी के बाद से उसका पति उस पर अवैध धंधा करने का दबाव बना रहा है। विरोध करने पर वह मारपीट भी करता है। कोतवाली थाना प्रभारी उपेंद्र छारी ने बताया कि महिला की शिकायत पर राजेश घोष के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज कर लिया है। पुलिस मानव तस्करी के आरोपों की भी जांच कर रही है।

जांच में यदि तथ्य सामने आते हैं तो इस संबंध में भी कार्यवाही की जाएगी। टीकमगढ़ में मानव तस्करी का मामला सामने आया है। बलरामपुर छत्तीसगढ की रहने वाली एक महिला ने कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई है। उसका आरोप है कि गांव के रिश्ते में लगने वाले चाचा रामजन्म शर्मा ने सुनील घोष के माध्यम से उसे डेढ़ लाख रुपए में राजेश घोष नाम के शख्स को बेच दिया।

## परिषद के नवागत सीएमओ ने ली कर्मचारियों की बैठक

**नवभारत न्यूज, जतारा। जतारा नगर परिषद में शाहगढ़ से आए नवागत सीएमओ ने कर्मचारियों की बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। यह जानकारी नगर परिषद के लेखपाल एवं राजस्व प्रभारी लखन गुप्ता के द्वारा दी गई। उन्होनें बताया कि नवागत सीएमओ पदम जैन ने पदभार संभालने के बाद पहली बैठक ली है।**

बैठक में सीएमओ पदम जैन ने कहा कि हम सभी को मिलकर नगर के विकास हित में अपने कर्तव्य का पालन करना होगा। श्रीं जैन ने कहा कि परिषद से जुड़ी प्रधानमंत्री आवास हो चाहे समग्र आईडी केवाईसी करना एवं नियमित पेयजल, साफ सफाई पर सक्रियता से काम करना होगा।



सभी हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाना है क्योंकि शासन की योजनाओं को पत्र हितग्राहियो तक पहुंचना नगर परिषद की प्रथम प्राथमिकता है। नगर में जगह-जगह लगी दुकानों को अतिक्रमण से हटाकर स्थाई जगह पर दुकानों को स्थापित करना है। इस दौरान नवागत सीएमओ ने नगर परिषद से संबंधित शिकायतों के निराकरण पर भी चर्चा की।

## विभाग ने किसानों को दी बीज की मिनी किट

**नवभारत न्यूज जतारा। कृषि विभाग द्वारा जतारा क्षेत्र के किसानों को उड़द की मिनी किट का वितरण किया गया। दरअसल वितरण योजना किसानों को उन्नत किस्म के बीज उपलब्ध कराने एवं क्षेत्र में दलहनी फसलों की खेती को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से चलाई जा रही है।**

कार्यक्रम के दौरान विभाग के अधिकारियों ने किसानों को उड़द की खेती की वैज्ञानिक विधियों, समय पर बुवाई, उर्वरक प्रबंधन तथा कीट नियंत्रण की जानकारी भी प्रदान की। अधिकारियों ने बताया कि इस बीज किट में उन्नत किस्म की उड़द शामिल है, जो कम समय में अधिक उत्पादन देने में सक्षम है। कृषि विस्तार अधिकारी योगांशी आर्य व अनुराग तिवारी ने जानकारी दी किआत्मनिर्भर भारत योजना और पीएम किसान समृद्धि योजना के तहत की जा रही है।

## कलेक्टर व सीएमओ ने किया बंडा नहर का निरीक्षण

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। शहर के बंडा नहर में बारिश का पानी भर जाने से आसपास के मकानों की दीवारों में दरारें आ गई हैं। लोगों को घरों से बाहर निकलने में परेशानी हो रही है। स्थानीय निवासियों की शिकायत पर कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय और नगर पालिका सीएमओ ओमपाल सिंह भदोरिया ने बुधवार को नहर का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने सीएमओ को क्षतिग्रस्त नहर की तत्काल मरम्मत के निर्देश दिए हैं।**

साथ ही लोगों की आवाजाही के लिए अस्थाई व्यवस्था करने को कहा है। नहर पर कुछ जगहों पर अवैध कब्जे के कारण पानी की निकासी बाधित हो रही है। महेंद्र सागर तालाब से वृंदावन तालाब को जोड़ने वाली इस नहर की सफाई कर्मियों में कराई गई थी। स्थानीय लोगों ने बताया कि अतिक्रमण के कारण पानी की निकासी नहीं हो पा रही है।



नगर पालिका सीएमओ ने बताया कि जहां पानी रुक रहा था, वहां की सफाई कर दी गई है। नहर को स्लैब डालकर पूरी तरह बंद किया जाएगा। इसके लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू की जा रही है। नहर के साथ 11 फीट चौड़ा फुटपाथ भी बनाया जाएगा, जिससे लोगों को आने-जाने में सुविधा होगी।

इस मौके पर मौजूद पूर्व विधायक केके श्रीवास्तव भी थे। उन्होंने कहा है कि टीकमगढ़ कलेक्टर बेहद गंभीर हैं। वह शहर विकास के लिए हरदम अच्छे प्रयास कर रहे हैं। उन्हें लोगों की चिंता है इसलिए वह स्वयं मौके पर पहुंचकर स्थलों का जायजा लेते हैं।

## भाजपाइयों ने नए प्रदेश अध्यक्ष को लेकर मनाया जश्न

**टीकमगढ़ में भाजपाइयों ने फोड़े पटाखे**

**कार्यकर्ताओं ने मिष्ठान खिलाकर दी बधाइयां**

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। बैतूल विधायक हेमंत विजय खंडेलवाल मध्यप्रदेश भाजपा के निर्विरोध नए अध्यक्ष चुने गए हैं। पलेरा भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन संज्ञा के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है। बुधवार के दिन भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्थानीय थाना तिराहे पर जमकर आतिशबाजी की और मिठाइयां बांटी।**

भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन संज्ञा ने इस मौके पर कहा कि प्रदेश के समग्र विकास के लिए संकल्पित मुख्यमंत्री डॉण् मोहन यादव और पार्टी प्रदेशाध्यक्ष के रूप में बैतूल से विधायक हेमंत खंडेलवाल की जोड़ी मध्यप्रदेश को फिर एक नए मुकाम पर स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और हेमंत खंडेलवाल दोनों ही संघ पृष्ठभूमि से आते हैं। दोनों ही एक साथ विधानसभा के पटल पर भी बैठे हैं। दोनों ही लो प्रोफाइल होने के बावजूद सत्ता और संगठन का खूब अनुभव रखते हैं। दोनों के बीच का बेहतर तालमेल और आपसी समन्वयए प्रदेश के विकास के साथ ही संगठन को विस्तारित कर मजबूत बनाने की दिशा में कार्य करेगा। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन संज्ञा, राजेश नायक, हरसेवक राजपूत, श्रीमती कल्पना राजपूत, किशोरी लाल चौरसिया, मुकेश यादव, डॉक्टर अंकित गुप्ता, डीके यादव, लाखन यादव, अश्वनी महाराज, राज दमेले, संजय अहिरवार, रईस पाल समेत अनेक भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



इसी प्रकार टीकमगढ़ में भी भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय के सामने भाजपाई एकत्रित हुए और भाजपा जिन्दाबाद के नारों के साथ एक-दूसरे को मिठाईयां खिलाकर हेमंत खंडेलवाल के अध्यक्ष बनने का जश्न मनाया। इतना ही नहीं दर्जनों भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ता ने पटाखे भी फोड़े। भाजपा के लोगों ने कहा है कि देश में सिर्फ भारतीय जनता पार्टी ही एक ऐसा संगठन है जो लोकतांत्रित तरीके से अपने फैसले करता है। बीते दिनों निर्वाचन प्रक्रिया में हमने भारतीय जनता पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित किया है। अन्य पार्टियों में कहीं भी यह प्रक्रिया नहीं की जाती हैं।

**ज्ञापन** | सर्व समाज के युवाओं ने सौंपा ज्ञापन

# शराब, जुआ, सट्टा पर शिकंजा कसने एक हुए जिले के युवा

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। टीकमगढ़ जिले के सर्व समाज के युवाओं ने मिलकर एक नई मिसाल प्रस्तुत की और एक युद्ध नशे के विरुद्ध अभियान को छेड़ दिया। जिले के गांव-गांव तक बिक रही अवैध शराब के साथ साथ जुआ सट्टे, देह व्यापार, ऑनलाइन ठगी जैसे विभिन्न मुद्दों को लेकर जिले के सर्व समाज के युवाओं ने एकत्रित होकर जिला कलेक्टर को 7 सूत्रीय मांगों को लेकर चेतावनी ज्ञापन दिया।**

ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि टीकमगढ़ जिला चारों तरफ से उत्तर प्रदेश की सीमाओं से घिरा हुआ है शराब कारोबारी अवैध तरीके से गांव-गांव तक उत्तर प्रदेश की शराब पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं इसे रोका जाए। टीकमगढ़ जिले के अंतर्गत संचालित शराब की दुकानों से फर्जी तरीके से गांव-गांव तक शराब पहुंचाई जा रही है जिस पर विशेष टीम बनाकर शक्ति से प्रतिबंध लगाया जाए। इसी प्रकार जिले में ज्यादातर शराब की दुकान या तो स्कूल के नजदीक हैं या मंदिर या आवासीय बस्तियों के नजदीक हैं इनको चिह्नित कर तुरंत बस्ती मंदिर कॉलेज से आधा किलोमीटर दूर स्थानांतरित किया जाए। इतना ही नहीं ज्ञापन में युवाओं ने कहा है कि जगह-जगह जुआ एवं सट्टा खिलाया जा रहा है इन पर भी पुलिस द्वारा शिकंजा कसा जाए, जिससे युवा पीढ़ी बर्बाद होने से बचे। बीते समय में टीकमगढ़ जिले के अंतर्गत देह व्यापार जैसे प्रकरण सामने आए हैं जो हमारे जिले के लिए चिंता का विषय है देह व्यापार पर पूर्णत प्रतिबंध लगाया जाए। टीकमगढ़ जिले के अंदर ऑनलाइन ठगी के मामले बहुत बढ़ गए हैं इसको रोका जाए एवं साइबर संबंधित जागरूकता अभियान बड़े स्तर पर चलाया जाए।



ज्ञापन के माध्यम से युवाओं ने जिला प्रशासन को चेतावनी देते हुए समाज को दोषित करने वाले शराब, जुआ, सट्टा एवं देह व्यापार पर शिकंजा कसने के लिए यह बीड़ा उठाया है। युवाओं का कहना है कि आज अगर हम इस ओर ध्यान नहीं देंगे तो आने वाले समय में हमारी पीढ़ियों पर इसका बुरा असर पड़ेगा। जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन को इस ओर कठोर कदम उठाने चाहिए, जिससे युवाओं की बर्बादी को रोका जा सके। युवा शराब, जुआ, सट्टा का शिकार होकर अपने जीवन को बर्बाद करने में लगे हुए हैं।

### इनकी रही इस मौके पर मौजूदगी

ज्ञापन देने के दौरान प्रमुख रूप से समाजसेवी महेन्द्र द्विवेदी, मातादीन वर्मा, दुष्यंत सिंह लोधी, देवेन्द्र कुमार दुबे, जेकी यादव, अर्जुन यादव, शुभम, सौरभ चतुर्वेदी, हृदेश कुशवाहा, पुष्पेन्द्र यादव, शुभम जैन, रानी पाल, संजू चौधरी, नीलेश यादव, सीताराम लोधी, परम लोधी, अमर सिंह राजपूत, धर्मवीर लोधी मौजूद रहे।

## मोहर्रिर को दिया गया प्रशिक्षण

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती प्रवीणा व्यास के आदेशानुसार प्रभारी अधिकारी कम्प्यूटर अनुभाग, तृतीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश टीकमगढ नरेन्द्र कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में राजस्व जिला टीकमगढ एवं निवाडी पर पदस्थ समस्त कोर्ट मोहर्रिर को आईसीजेएसएस का प्रशिक्षण दिया गया है।**

द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड टीकमगढ़ मास्टर टेऊनर मुदित लटौरिया द्वारा राजस्व जिला टीकमगढ एवं निवाडी पर पदस्थ समस्त कोर्ट मोहर्रिर को आईसीजेएसएस का प्रशिक्षण प्रदान किया गया।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद, टीकमगढ़ (म.प्र.)

क्रमांक/3830/न.पा./निर्माण/2025 | टीकमगढ़, दिनांक 01/07/2025

**ऑनलाइन निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्न लिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत विवरण http:/mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेंण्डर क्रमांक एवं जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं (EMD) | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD_434336_1 02/07/2025 को सांय 05:00 बजे से | महेन्द्र सागर तालाब पर पौधा रोपण एवं फेंसिंग का कार्य। | 3 माह 423450.00 | 2000/- 4234/- | 19/07/25 को सांय 05:30 बजे तक |

1- मध्यप्रदेश शासन नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्रालय का पत्र क्र./एफ.237/2024/18-2 भोपाल दिनांक 09/09/2024 प्रभावशील रहेगा जो कि निविदा एवं अनुबंध का भाग है।

नोट - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की बेबसाईट पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद, टीकमगढ़
जिला-टीकमगढ़ (म.प्र.)